क्विक हील फाउंडेशन ने लांच की साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा

गुवाहाटी : क्विक हील टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने अपनी सीएसआर इकाई क्विक हील फाउंडेशन के माध्यम से आज बरपेटा में अपनी महत्वपूर्ण साइबर शिक्षा 'फॉर साइबर सुरक्षा अर्न ऐंड लर्नस, साइबर सुरक्षा के लिए साइबर शिक्षा कमायें और सीखें' पहल लॉन्च की। इस अवसर पर क्विक हील की ऑपरेशनल एक्सीलेंस की चीफ और क्विक हील फाउंडेशन की चेयरपर्सनए अनुपमा काटकर उपस्थित थीं, जिन्होंने प्रोग्राम का उद्घाटन किया। यह बरपेटा में साइबर सुरक्षा की शिक्षा बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। स्थानीय एनजीओ सृजन एक सोच के सहयोग से यह पहल इस क्षेत्र में 40,000 स्टूडेंट्स और 10,000 ग्रामीणों तक पहुंच बनाएगी। इसकी मदद से लोगों के बीच साइबर सुरक्षा के प्रति तत्परता को मजबूत करने का काम किया जाएगा।